हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 बजरंग मानस मंडली ने रामलीला में रावणवध...
16 बकली के युवाओं ने श्रद्धालुओं को बांटा पेयजल







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# पैरी नदी के पुल पर रेलिंग नहीं, हमेशा बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

**एक वर्ष पूर्व 15 फीट गड्ढे में बाइक गिरने से दो युवकों की टांग टूट चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर भाठीगढ पैरी उदगम मुख्य मार्ग में हरदीभाठा के आगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा पैरी नदी में प्रथम पुल का निर्माण कुछ वर्ष पहले किया गया है, लेकिन पुल निर्माण के बाद रेलिंग निर्माण नहीं किए जाने से आए दिन दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है और रात के समय यहां पर कोई बिजली की व्यवस्था भी नहीं है जिससे एकदम घनघोर अंधेरा छाया रहता है। कई बार इस क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस पुल के दोनों ओर रेंलिंग निर्माण करवाने की मांग कर थक चुके है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण रात के समय इस मार्ग से आने जाने वाले लोग अंजाने डरे और दहशत के साथ इस पुल को पार करते है। एक वर्ष पूर्व मोटर सायकल से तीन युवक मैनपुर के तरफ आ रहे थे, और एक वाहन को साईड देते समय इस पुल के नीचे 15 फीट खाई में मोटर सायकल के साथ गिर जाने से तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिसमें दो युवक का पैर टुट गया था तब ग्रामीणों ने जमकर आक्रोश जाहिर करते हुए पुल के दोनो ओर रेलिंग निर्माण किया था, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा 15 दिनों के भीतर पुल में रेलिंग निर्माण करवाने आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक रेलिंग निर्माण नहीं हो पाया है।



### पुल पर पानी भरने से फिसलन का डर

ज्ञात हो कि पैरी उदगम क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल है और बारोह माह पैरी उदगम भाठीगढ में श्रध्दालुओं की भीड पूजा अर्चना करने भीड लगी रहती है, और श्रद्धालुगण इसी पुल को पार कर आना -जाना करते है। जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, सरपंच भाठीगढ़ जिलेन्द्र नेगी, हरदीभाठा सरपंच दुलियाबाई, बिसेसर सिक्का, नाथूराम ध्रुर्वा, आसाराम यादव, गजेन्द्र यादव, तुलसी नागेश ने बताया कि इस पुल में तत्काल रेलिंग का निर्माण किया जाए क्योंकि बारिश के दिनों में पुल के ऊपर पानी भरने के कारण उसमें काई जम जाता है और फिसलन बढ जाता है, रात के समय आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरा में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है।

**खबर संक्षेप**



### बोलेरो पेड़ से टकराया 4 घायलों में दो गंभीर

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सातपारा नहर के समीप एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना मे बालोद जिले के चार लोग घायल हो गये जिसमे दो लोग गंभीर है जिनका ईलाज रायपुर के निजी अस्पताल मे जारी है। मिली जानकारी अनुसार जिला बालोद ग्राम सोनपुर निवासी भानुप्रताप साहू उम्र 32 वर्ष,रोशन साहू उम्र 46 वर्ष व भुषण लाल साहू उम्र 42 वर्ष जो बीएसएफ मेघालय असम मे कार्यरत प्रवीण कुमार साहू उम्र 24 वर्ष को लाने माना एयरपोर्ट गये हुये थे घर वापसी के दौरान रात करीब 11.45 बजे सातपारा नहर के पास पहुंचने पर बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिसकी सूचना मिलने पर इमरजेंसी डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच कर घायलो को सीएचसी अभनपुर मे भर्ती कराया गया जहां घायलो की स्थिती को देखते हुये डॉक्टरो ने उन्हे रायपुर रिफर कर दिया। परिजनो से मिली जानकारी अनुसार बोलेरो मे सवार सभी लोग खतरे से बाहर है।

**दहशत : ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा**

# दल से भटक कर शहर पहुंचा हाथी हाईवे पर 10 मिनट तक लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- मोहेरा पुल और बारूका के पास दोनों तरफ रहा आवागमन प्रभावित

गरियाबंद वनमंडल में हाथियों की हलचल ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। यहाँ हाथियों का एक दल लगातार विचरण कर रहा है, जिनमें से एक हाथी भटक कर शहर के पास पहुंच गया है। बीते रविवार को यह हाथी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आकर लोगों की आवाजाही रोकने का कारण बना, जिससे करीब 10 मिनट तक ट्रैफिक जाम रहा। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया, लेकिन हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। गरियाबंद के वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहाँ हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें से एक हाथी भटक कर शहर की ओर आ चुका है जो पिछले दो दिनों से जिले मुख्यालय के आस पास के गांव के खेतों और पहाड़ के बीच देखा गया है इस बीच रविवार दोपहर करीब 4 बजे से 4:30 तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दंतेल हाथी मोहेरा पुल और बारूका के करीब सड़क के बीचों-बीच आ गया। बीच सड़क पर हाथी के आ जाने से रास्ते के दोनों तरफ अवागमन रुक गया। जानकारी के अनुसार करीब 10 मिनट तक हाथी बीच सड़क पर ही था। वहीं सड़क के बीच हाथी के मौजूद होने की जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथी को जंगल की तरफ खदेड़ दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो 3 हाथियों का झुंड काफी लंबे समय से इस इलाके में विचरण कर रहा है।





### हाथियों से स्थानीय ग्रामीण परेशान

स्थानीय लोगों ने बताया कि हाथी किसानों के फसलों और मकान को भी नुकसान पहुंचा सकता है। हाथियों के आने के बाद ग्रामीण खेत में धान काटने जाने से डर रहे हैं। समय रहते खेत से मजबूरन वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं वन विभाग और हाथी मित्र की टीम लगातार हाथियों पर नजर बनाए रखे हुए हैं वहीं वन अमले के द्वारा गांव में मुनादी कराया जा रहा है।



## पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन अधिकारियों ने हर्ष फायरिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पुलिस लाइन में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएसएनएल एसपी जितेंद्र चंद्रकार, डीएसपी निशा सिन्हा, आरआई सहित तमाम अधिकारियों ने विधि-विधान से हवन-पूजन किया। इसके बाद प्रतीकात्मक रूप से कुम्हड़े की बलि दी गई। साथ ही अधिकारियों ने हर्ष फायरिंग भी की। शनिवार सुबह 10 बजे पुलिस लाइन में कार्यक्रम का शुरू हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर के साथ ही तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने शस्त्र पूजन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शस्त्र शक्ति का प्रतीक हैं। दशहरे के अवसर पर इनका पूजन और साफ-सफाई की जाती है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने परंपरा के अनुसार हर्ष फायरिंग की। इसके साथ ही कुम्हड़े की प्रतीकात्मक बलि भी दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे एडीएसएनएल एसपी जितेंद्र चंद्रकार डीएसपी निशा सिन्हा ने सभी शहरवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व सभी को सच्चाई और अच्छाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। इस दिन हमें अपने अंदर की बुराई को खत्म कर अच्छाई को अपनाना चाहिए।



## जसगीत व मांदर की थाप पर माता व जोत जवारा विर्सजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

नौ दिन तक चलने वाली शारदीय नवरात्रि का समापन ग्राम टेंगनाबासा में शनिवार को हुआ। जिसमे समस्त ग्रामवासी जसजीत व मांदर की थाप पर माता रानी का विसर्जन करने गए, सभी ग्रामवासीयों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जसजीत व मांदर के साथ, विसर्जन के लिए शीतला मंदिर के मंदिर के पास सरार में विसर्जन किया गया। इस सरार में हर साल माता दुर्गा विसर्जन किया जाता है, साथ किनारे में विराजे मां शीतला मंदिर बहुत ही मनोरम दृश्य लगता है, बुजुर्गों की माने इस सरार की बड़ी मान्यता है जहा महिलाए सिर्फ माता दुर्गा विसर्जन, और गौरी गौरा विसर्जन के समय ही यहां आती हैं। लगातार नौ दिनों तक भक्तों ने विधि विधान से इसके पहले पांडाल से मांदर की थाप भक्तो ने भजन-कीर्तन किया विसर्जन के दिन जुलूस गांव की गलियों से होता हुआ मांदर की थाप पर नाचते जसजीत गाते भक्तगण चल रहे थे, दर्शन के लिये लोग घरों से बाहर निकल रहे थे, और रास्ते भर श्रद्धालुओं ने फूल माला और श्रीफल अर्पित कर पूजा करते हुये मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन स्थल पर पहुंचकर देवी मां से अगले साल फिर आने का आग्रह किया गया और हाथ जोड़कर भक्तों ने अपनी कमियों के लिये क्षमा मांगते हुये वैदिक मंत्र व रीति रिवाज से प्रतिमाओं को विसर्जित किया। इस दौरान शीतला मंदिर सरार परिसर जय माता जी के जयकारे से गूंज रहा था। तत्पश्चात महाआरती के बाद सरार में माता में विसर्जन किया गया।

## बकली में दुर्गा विसर्जन...



**राजिम।** बकली में मां दुर्गा प्रतिमा एवं जोत जंवारा का विसर्जन शीतला तालाब में किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में गांव के लोग शामिल थे।





## माता के दर्शन कर डांडिया पर थिरके भक्तों के कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- नवरात्रि पर गरियाबंद में गरबा की धूम

गुजराती समाज द्वारा आयोजित रास गरबा एक बार फिर धूम मचा रही है। इस साल गरबा महोत्सव का आयोजन 03 से 12 अक्टूबर तक राजू भाई परिसर पर किया जा रहा है, नवरात्रि के पाँचवे दिन गुरुवार को राजू भाई परिसर में बड़ी संख्या में लोग जुटे और गरबा में हिस्सा लिया। पारंपरिक ड्रेसेज़ में तैयार होकर महिलाएं और पुरुषों ने गरबा के लिए ताल से ताल मिलाया। बड़ी संख्या में लोगों का ये गरबा बेहद मनमोहक लग रहा है। शहर गुजराती समाज द्वारा अपनी पारंपरिक परिधान और अपने पारंपरिक गुजराती गीतों के साथ माँ अम्बे को प्रसन्न करने को रोजाना रात को रास गरबा व डांडिया का आयोजन हो रहा है। रेखा बखरिया ने बताया की पूरा समाज एक होकर गरबा करने यहाँ आते हैं। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग नवरात्रि में पूरे नव दिन हमारा पूरा समाज शारदीय नवरात्रि में मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में भक्त जप-तप करते हैं। हमारा समाज एक परिवार है माँ अम्बे की आरती कर पूरा समाज एक होकर गरबा खेलते है। संरक्षक हरीश भाई भरत भाई ने बतलाया गुजराती समाज के द्वारा विगत 54 वर्षों से नवरात्रि के दौरान गरबा खेलने का इतिहास है। अमर सिंह टाक अमृत लाल मयानी हक्कू भाई बखरिया और डॉ. ठक्कर ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी जो आज भी घनश्याम सरवैया, भारत भाई बखारिया, भीखू भाई, विजय टांक, मायानी, संजय बखारिया, अरविंद भाई खिलोसिया, नितिन बखारिया, राजू कोठारी ने बदस्तूर जारी रखा है। नवरात्रि के मौके पर देवी मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। गरबा, डांडिया और नृत्य हर्ष और उल्लास को मनाने के तरीके हैं जिससे लोग त्योहार के दौरान अपनी ख़ुशी को ज़ाहिर करते हैं। इसके अलावा पुरानी मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के नौ दिन मां को प्रसन्न करने के लिए भक्त रात भर जागरण, गरबा और नृत्य करते हैं क्योंकि नृत्य साधना करने का एक तरीका है।

**पिता के बाद अंतिम संस्कार कर बड़ी बेटी का फर्ज ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने निभाई**

## बड़ी बहन ने किया छोटी बहन का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम/मुड़ागांव(कोरासी )

ग्राम तरिघाट में नवरात्रि की विजया दशमी को नवाखाई एवं दुर्गा विसर्जन की तैयारी मे समूचा ग्रामीण समाज लगे हुए थे। इसी बीच सुबह 10 से 11 बजे के लगभग ग्राम के वर्मा परिवार से स्वर्गीय प्यारे लाल वर्मा की सबसे छोटी पुत्री कुमारी मनीषा वर्मा उम्र 26 वर्ष जो बचपन से ही मानसिक और शारीरिक तौर से विकलांग थी की आकस्मिक मौत हो गई। जिससे गाँव में शोक के साथ धार्मिक आयोजन पूजन आदि कार्यक्रम बन्द किया गया। उस समय सब की आंखे भर आई जब बडी बहनों ने कुमारी मनीषा का शव अपनी कन्धो पर लेकर वर्मा समाज एवं ग्राम वासियों के साथ यात्रा के लिये रवाना हुए। बताया की जीवन में त्याग, तपश्या के बल पर आध्यात्मिक जीवन को समर्पित समाज को दिशा निर्देशित करने वाली ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी पिता, के बाद अब बहन की अन्तिम क्रिया कर्म स्वयं कर ग्रामीण समाज मे नारी अस्तित्व की महत्ता को रखी। अध्यात्म के साथ, सामाजिक, सांसारिक एवं पारिवारिक दायित्वो का निर्वहन करते बड़ी बेटी होने का पूर्ण दायित्व निभाती रही है।



**पिता की मृत्यु के बाद बड़ी बेटी ने सम्भाला परिवार-** ग्राम तरिघाट वर्मा समाज के चिमन, ग्राम पटैल मुकेश वर्मा ने बताया कि प्यारे लाल वर्मा की सात बेटियाँ है। पिता की मृत्यु के बाद बड़ी बेटी परिवार को सम्भाल कर रखी है। माँ गिरिजा वर्मा बहुत ही मेहनती है। जो घर की खेती सम्हाल कर सात सात बेटियों को पढ़ा लिखा कर इस लायक बनाई है। जो समाज के लिये गौरव का बात है।

**पाठक सूचना**
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468






संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127




संकलनकर्ता- गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरोचीफ गरियाबंद मो.- 9993223300




संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068

## खबर संक्षेप

### संगीत विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व के अष्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर सियान सदन दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार को माता की भक्ति के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर के 'सा रे गा मा पा' संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार संगीत संध्या में समां बांधा। साथ ही संगीत गुरु डॉ. एनडी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में और राहुल चक्रवर्ती के संयोजन में अनेक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति देने वाले कलाकार कुलदीप कोल्हेकर, प्रत्यक्ष निगम, सत्यम निगम, सावनी बजाज, सोमा कोरी, आयुषी लोधी, स्वस्ति धामने, रुद्राक्ष चक्रवर्ती, श्रीजा चक्रवर्ती, अनुष्का भट्टाचार्य, मिस्शका सरदार, शरण्य तांडी, भूमि सागर, लता महानंद आदि शामिल थे।

### मराठा युवा समाज ने किया शस्त्र पूजन

**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर मराठा युवा समाज द्वारा अपनी पुरातन संस्कृति एवं पद्धति को आगे बढ़ाते हुए शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्रोपचार द्वारा शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही अनाज से रावण की प्रतीकात्मक तस्वीर उकेर कर प्रतीकात्मक रूप से वध किया गया। यह कार्यक्रम मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में किया गया। इस मौके पर मराठा युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विजयादशमी के दिन देवी मां भवानी को प्रसन्न कर तलवार प्राप्त की थी, तभी से मराठा अपने शत्रु पर आक्रमण की शुरुआत दशहरे से ही करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा मराठा समाज द्वारा भी मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में शस्त्र पूजन धूमधाम से किया गया।
कार्यक्रम में नीरज इंग्ले, मनीष भोंसले, रजत जाधव, शिशिर सुरोषे, हिमांशु राव, रितिक राव आदि उपस्थित थे।

# 17 जून को आया मानसून 17 अक्टूबर तक होगा विदा, मौसम रूखा तो रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में 17 जून को दस्तक देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 अक्टूबर तक विदा हो जाएगा। मानसून के जाने के बाद मौसम में रूखापन आने से रात में ठंडकता महसूस होगी। मानसून के असर से जिले में 30 सितंबर तक 982 मिमी. और उसके बाद 12 अक्टूबर तक केवल 8.7 मिमी. बारिश हुई है। अभी दिन, रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री ज्यादा होने की वजह से उमस की परेशानी बनी हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार से मानसून की विदाई शुरू हुई है, मगर पेंड्रा से लौटने के बाद उसकी गति थम गई है। माना जा रहा है कि अगले तीन से चार दिनों में इसकी वापसी प्रदेश के कई जिलों से हो जाएगी। रायपुर जिले में इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब यानी 17 जून को रायपुर पहुंचा था। जून में वर्षा सामान्य रही, मगर जुलाई में अच्छी बारिश से औसत कोटा पूरा हो गया था। अगस्त सितंबर में मानसून की सक्रियता सामान्य रही और 30 सितंबर को सीजन समाप्त होने तक यहां 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो औसत से कम रही।

अक्टूबर से बाद खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई और जिले में आंकड़ा 8.7 मिमी. पर ही सिमटकर रह गया। विशेषज्ञों कहना है कि दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में गिरावट आएगी, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। अभी शहर में दिन और रात की गर्मी सामान्य से ढाई डिग्री तक अधिक है। इसकी वजह से दोनों समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है।

- 30 सितंबर तक 982 मिमी., 1 से 12 अक्टूबर तक 8 .7 मिमी . वर्षा
- दिन, रात का तापमान अभी ढाई डिग्री ज्यादा, उमस से परेशानी



**बीस डिग्री से नीचे जाने पर राहत**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शहर में रात का तापमान बीस डिग्री से नीचे जाएगा, तो मौसम में ठंडकता आएगी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार तीसरे और चौथे सप्ताह में पारा 17-18 डिग्री तक पहुंचता है, जिससे उमस की समस्या खत्म होती है। अभी रात का तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

## सहकर्मियों से समस्याओं के बारे में खुलकर करें बात मदद लेने में न करें संकोच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अस्पताल में मनाए जा रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि अपनी समस्याओं के बारे में सहकर्मियों से खुलकर बात करें और किसी से मदद लेने में संकोच ना करें। लगातार दो सप्ताह तक तनाव महसूस होता है, तो चिकित्सकों की सलाह लें। आयोजित कार्यक्रम थीम कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता था। इस दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य के नोडल डा. संजीव मेश्राम, मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला, शोएब, डा. निलय मोझरकर ने अस्पताल स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कार्य स्थल में रखने के तरीके बताए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने उदाहरण सहित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में आत्महत्या की बड़ी मानसिक समस्या होती है। आर्थिक, मानसिक, सामाजिक कारणों के साथ नशे की वजह से भी लोग जीवन समाप्त करने का फैसला करते हैं। ऐसे लोगों की मदद कर उन्हें तनाव से दूर किया जा सकता है, इसलिए आसपास के लोगों से स्वभाव में होने वाले बदलाव पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में व्यवसनों की वजह से मानसिक अवसाद में घिर चुके लोगों के इलाज की जानकारी भी दी गई।

- जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

### रावणभाटा दशहरा मेला स्थल पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्व

# अहंकार और बुराई का प्रतीक दशहरा, धू-धूकर जला रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अहंकार, अनाचार, अत्याचार और बुराई का प्रतीक रावण शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही धू-धू कर जल गया। बुराई पर अच्छाई की जीत, अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई । शहर की 100 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रावणभाटा में शनिवार को मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण वध का मंचन किया गया। रावण का वध होते ही पूरा मेला मैदान भगवान राम के जयकारों से गूंज उठा। शनिवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र में विजय दशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गरियाबंद के निकट रावणभाटा दशहरा मेला स्थल पर भगवान श्रीराम के द्वारा रावण का वध करते ही रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। शनिवार को दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वही गरियाबंद के रावणभाटा पर रावण दहन का आयोजन किया गया। यहां श्रीराम और रावण की सेना का भीषण युद्ध हुआ। प्रख्यात रामलीला कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया।रामलीला कलाकारों ने मेघनाद, कुंभकर्ण वध के बाद रावणवध की लीला का कलाकारों ने सजीव मंचन किया। कलाकारों ने दिखाया कि रावण भगवान राम से मायावी युद्ध करता है। मेघनाद कुंभकर्ण सहित धीरे धीरे सभी राक्षस राम के हाथों मारे जाते है अंत में श्री राम द्वारा रावण का वध कर दिया जाता है। इस तरह रावण का पुतला धू-धूकर जल उठता है। जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हुए



**असत्य पर सत्य की हुई जीत**



रावण दहन को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई थी नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने बतलाया पिछले एक हपते से पालिका की पूरी टीम रावण दहन के आयोजन को सफल बनाने में लगी हुई थी विशेष कर भक्तिमय आर्केस्ट्र का कार्यक्रम रखा गया यहा जिसे नगरवासियों ने आंदन उठाया साथ ही भारी संया में पुलिस बल तैनात रहा।

## रतन टाटा को चैंबर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने चैंबर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत के महानायक का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सफल उद्योगपति होने के साथ समाजसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- समाज सेवा और उद्योग के क्षेत्र में किये कार्यो को किया याद

### पुलिस ने नशारूपी राक्षस पुतले का किया दहन



**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में रावण की जगह नशारूपी राक्षस के पुतला दहन किया। पुलिस जिले में निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब दशहरा पर्व पर सिविल लाइंस क्षेत्र में छोटा मरीन ड्राइव के पास, खम्हारडीह सहित अनेकों जगहों पर नशारूपी राक्षस पुतला जलाया।



संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068







संकलन- यशवंत यादव, संवाददाता, हरिभूमि, छुरा, जिला-गरियाबंद, मो.- 9893464850

## खबर संक्षेप

### रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**फिंगेश्वर।** सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के जन्मदिन के अवसर पर गरियाबंद जिला के



उनके युवा मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अक्टूबर सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को फिंगेश्वर के ग्राम मड़वाड़ीह स्थित मांडव ऋषि आश्रम बाबा कुटी में डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर के मॉडर्न ब्लड बैंक के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर जबकि उपाध्याय हॉस्पिटल मोहबा बाजार रायपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हड्डी रोग, जनरल सर्जन, स्त्री रोग, चर्म रोग, एमडी मेडिसिन, बीपी शुगर, ईसीजी आदि की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। रक्तदान करने और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### रमनटोला में शिव महापुराण कथा कल से

**महासमुंद।** नगर के रमन टोला में 15 से 21 अक्टूबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री शिवाय महिला समिति एवं स्थानीय निवासियों द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रवचन श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के आचार्य पं. युवराज पांडेय करेंगे। यह कथा केंद्रीय विद्यालय से आगे गौरी शिव मंदिर रमनटोला मैदान में दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगी। शिव महापुराण कथा के दौरान 15 अक्टूबर को कलश यात्रा, शिव पुराण महात्म्य, शिव पूजा विधि, भष्मधारण, रूद्राक्ष की महिमा, 16 को ब्रह्मा नारद संवाद, नारद मोह, पार्थिव पूजन विधि, 17 को दक्ष के तप, शिव का वरदान, सती जन्म, शिव-सती विवाह, 18 को सती देह त्याग, सती मोह, रामकथा, गंगा उत्पत्ति की कथा, 19 को पार्वती जन्म, पार्वती तप, कामदेव चरित्र, शिव विवाह, 20 को गणेश जन्म, अंधकासुर की कथा, कृष्ण कथा, बाणासुर कथा, 21 अक्टूबर को शिव के विभिन्न रूपों की कथा, शिवमहापुराण सार, गीता दान, कपिला तर्पण, पूर्णाहुति आदि होंगे।

### असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : चातुरी नंद

**सरायपाली।** अंचल में दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में ग्राम बड़े साजापाली में दशहरा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में बाजे गाजे के साथ सीता राम की आकर्षक झांकी पूरे गांव में भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंची जहां रावण जलाकर धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अहंकार, अभिमान से दूर रहने की सीख देता है, चाहे इंसान कितना भी शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों न हो हमें कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए।

**पर्व : कोपरा में नहीं होता रावण के पुतला का दहन, युवा पीढ़ी निभा रही परंपरा**

# बजरंग मानस मंडली ने रामलीला में रावणवध प्रसंग का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ›› कोपरा

नगर पंचायत कोपरा में दशहरा पर्व इस बार भी पूरे उत्साह और परंपरा के साथ मनाया गया। नगर में रावण का पुतला दहन नहीं किया जाता, बल्कि श्री बजरंग मानस मंडली के कलाकारों द्वारा नाट्य मंचन के माध्यम से रावण वध का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और इसे आज की पीढ़ी भी पूरे सम्मान के साथ निभा रही है।


इस वर्ष नाटक मंडली के द्वारा रावण वध का शानदार मंचन किया गया, जिसमें नगर के प्रमुख कलाकारों ने विभिन्न भूमिकाओं को निभाया। श्रीराम की भूमिका मेघनाथ पटेल ने निभाई, जबकि लक्ष्मण की भूमिका तुषार पटेल ने अदा की। इसके अलावा, सुग्रीव के रूप में राहुल पटेल, हनुमान की भूमिका में पंकज पटेल, अंगद के रूप में देवदत्त पटेल और लंकेश की भूमिका में फलेंद साहू ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नगर के रंगमंच पर हजारों की संख्या में लोग इस नाट्य प्रस्तुति का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए और रावण वध के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बने। मंचन के बाद, नगर में श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का भव्य स्वागत किया गया, जिसके तहत नगरवासी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इस आयोजन के बाद, एक और अनूठी परंपरा का पालन करते हुए नगर के प्रत्येक घर में परिवार के मुखिया का उसी प्रकार स्वागत किया जाता है, जैसे अयोध्या में श्रीराम का हुआ था। परिवार के सदस्य मुखिया की पूजा-अर्चना करते हैं, जिससे पूरे नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहता है। श्री बजरंग मानस मंडली के कलाकारों द्वारा इस परंपरा का निरंतर निर्वाह किया जा रहा है, जिससे नगर की सांस्कृतिक धरोहर जीवंत बनी हुई है।





**हजारों की संख्या में नगरवासी साक्षी बने**

स्थानीय रंगमंच पर हर वर्ष की तरह इस बार भी रावण वध का मंचन किया गया, जहां श्रीराम, लक्ष्मण, और सीता के पात्रों का सजीव अभिनय किया गया। हजारों की संख्या में नगरवासी इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने के लिए रंगमंच में एकत्रित हुए और रावण वध का इंतजार किया। रावण के वध के पश्चात, नगर में श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का भव्य स्वागत किया गया। नगर के प्रतिष्ठित लोग इस आयोजन में सम्मिलित हुए और श्री बजरंग मानस मंडली के कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन कर परंपरा को जीवंत रखा।



# सोनकर समाज के भवन का विधायक ने लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ›› फिंगेश्वर

सोनकर समाज फिंगेश्वर राज द्वारा नव निर्मित सोनकर सामाजिक भवन का उद्घाटन व लोकार्पण विधायक रोहित साहू ने 9 अक्टूबर को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फिंगेश्वर राज अध्यक्ष भागवत हरित ने किया। विशिष्ठ अतिथि की आसंदी पर छत्तीसगढ़ सोनकर समाज शिक्षा विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित विराज मान रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के पूर्व महामंत्री एवं सलाहकार बिसौहा हरित ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष' प्यारेलाल सोनकर, राज मंत्री, खेलन सोनकर सलाह कार, असीम श्याम हरित राज कोषाध्यक्ष जयेश सोनकर, फिंगेश्वर पार अध्यक्ष, दिनेश सोनकर बोरीद पार अध्यक्ष, दालचंद चंद सोनकर पीपरहटा पार अध्यक्ष, बाबूलाल सोनकर बोरसी पार अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित'के सानिध्य में संपन्न हुआ। फिंगेश्वर नगर सहित अन्य ग्रामों से आए सोनकर सामाजिक जन पोषण सोनकर बोरिद, रूपनारायण सोनकर, ऊदे सोनकर, सुरेश सोनकर, संतोष सोनकर, मनोज सोनकर, राजू सोनकर, जगदीश सोनकर, पुरन सोनकर, फिंगेश्वर करण सोनकर कोसमी, राधेश्याम, मंजुलता हरित पार्षद, शकुंतला हरित, श्यामा हरित कमला हरित, मंजू हरित, इंदू सोनकर बोरिद व पार्टी के कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# विधायक ने 30 से अधिक ग्रामों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शनिवार और रविवार को दो दिनो में ग्राम कुरूभाठा, कांदाडोगर, सगड़ा, धुरवापारा, मटिया, देवभोग, नागलदेही, डूमरबहल, गोलामाल, अमलीपदर, भेजीपदर सहित 30 से ज्याद ग्रामों में देर रात तक जन सम्पर्क कर ग्रामीणों से मूलाकात किया और जगह–जगह धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान गांव–गांव विधायक जनक ध्रुव का गाजे - बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया। ग्राम कांदाडोंगर पहुंचकर देव दशहरा में शामिल हुए। देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। मैनपुर क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र कुरूभाठा पहलीबार विधायक पहुंचे तो ग्रामीणों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने रंगमंच निर्माण की घोषणा की और गोलामाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मांग पत्र दिया गया है। सभी मांग पत्रों को संबंधित विभागों में भेज कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आज विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे है।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थापना दिवस मनाया, पथ संचलन किया, शस्त्र पूजा की

हरिभूमि न्यूज ›› राजिम

■ संचलन में गणवेशधारी 90 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नवापारा और राजिम की टोली ने संघ की स्थापना दिवस पर भव्य पथ संचलन निकाला और शस्त्र पूजन किया। राजिम के शिशु मंदिर में एकत्रीकरण पश्चात पथ संचलन नगर भ्रमण के लिए निकला जो की वीआईपी रोड, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, महामाया चौक, प्राचीन राम मंदिर मार्ग, राजीवलोच मंदिर मार्ग से होते हुए पुनः शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन में पूर्ण गणवेशधारी 90 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संचलन में नवापारा नगर कार्यवाह आकाश जैन ध्वज वाहक के रूप में रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर के हाल में स्वयंसेवकों तथा नागरिकों हेतु बौद्धिक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राघोबा महाड़िक ने की। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक प्रेम साहू, नवापारा नगर के संघ चालक सनत चौधरी भी मंचस्थ रहे।



**संघ के लिए विजयादशमी का विशेष महत्व है-** मुख्य वक्ता पवन साय ने कहा कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानि आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के लिये विजयादशमी का अत्यन्त महत्व है। इसी दिन पं. पू. आद्य सरसंघचालक डा. हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते बाड़े में आश्विन शुक्ला दशमी संवत 1983 तदनुसार 27 सितम्बर 1925 ई. में संघ कार्य की स्थापना की।

उद्देश्य की पूर्ति हेतु संघ शक्ति संचय में लगा है। यह शक्ति आज देश में फैली प्रभात, प्रौढ़, सायं व रात्रि शाखाओं तथा विश्व हिन्दू परीषद, विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती आदि के रुप में प्रकट हो रही है। वर्तमान परिस्थितियों में हिन्दू समाज की संगठित शक्ति ही सभी समस्याओं का एक अचूक निदान है। राघोबा महानिक ने भी उपस्थित लोगो को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में संघ के सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव, सह जिला कार्यवाह भूपेंद्र साहू, नगर कार्यवाह आकाश जैन, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किशोर देवांगन, भूपेंद्र सोनी, तुषार कदम, आकाश सिंह ठाकुर, रिकेश साहू, श्रीकांत साहू, युवराज साहू, मनीष जैन, दिलीप यादव, महेश यादव, कमल सिन्हा, टीकम साहू, छाया राही, सोमा शर्मा सहित गरियाबंद की कार्यकारिणी सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# समाजसेवी संस्था ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ›› राजिम

देश के मशहूर सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर एक छोटे से गांव मुड़तराई में समाजसेवी संस्था पहल नवयुवक मंडल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हुलास साहू ने इस अवसर पर मौजूद युवाओं के बीच कहा कि देश ने एक अनमोल रतन खो दिया है। उद्योग जगत में रतन टाटा की भरपाई लंबे समय तक नहीं हो पाएगी। रतन टाटा एक कुशल उद्यमी होने के साथ बेहतर समाजसेवी भी थे। अपनी दरियादिली, सादगी और परोपकारी भावना के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। समिति के सचिव एवं कूर्मि समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने कहा कि रतन टाटा का निधन देश के लिए अपूर्णनीय क्षति है। इसकी भरपाई नहीं हो सकती। वाकई में वे भारत के अनमोल रतन थे। उनके जैसा दूसरा व्यक्ति हो पाना नामुमकिन है। उनका व्यक्तित्व विराट एवं निराला था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समिति के संयोजक सालिक साहू, पिंटू वर्मा, लखन वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, पोखराज वर्मा, लक्ष्य साहू, मयंक साहू, रूद्र साहू, धनंजय साहू मौजूद थे।




## नए धान खरीदी केंद्र खोलने उठ रही मांग, विभाग ने चार नए केंद्रों के लिए भेजा है प्रस्ताव

**महासमुंद।** क्षेत्र में नए धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग उठ रही है। खाद्य विभाग ने इस बार जिले में चार नए धान खरीदी केंद्रों के लिए शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। खाद्य विभाग के पास नांदगांव, कौंदकेरा, गोड़बहाल, पतेरापाली आदि गांव से प्रस्ताव आए थे। इन जगहों का प्रस्ताव उच्च विभाग से स्वीकृत होते ही यहां नया धान खरीदी केंद्र खोले जा सकते हैं। इससे 2 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। उन्हें अपने समीप ही फसल बेचने की सुविधा मिलेगी। जिससे उन्हें परिवहन व श्रम की बचत होगी। वहीं इनकी वजह से होने वाली परेशानियों से भी मुक्ति मिलेगी। बता दें कि किसानों को सुविधा प्रदान करने के लिए हर वर्ष नए केंद्र स्वीकृत किए जाते हैं। पिछले साल 2023-24 में 13 नए केंद्र बनाए गए थे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# डडईपानी के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा कमार परियोजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

■ सड़क के नाम पर बड़े-बड़े बोल्डर पहाड़ और पत्थर गांव में न तो हैंडपंप लगा, न ही बिजली

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के अंतर्गत आने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार ग्राम डडईपानी के ग्रामीण इस आधुनिक युग में अपने आप को किसी प्राचीन की भांति जीवन जीने मजबूर है। जहां सड़क के नाम पर महज बड़े- बड़े झाड फुंस, पंगडंडी, पत्थरीला और जान जोखिम में डालने वाला पगडंडी रास्ता है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 28 किलोमीटर दूर पहाड़ी के ऊपर ग्राम डडईपानी बसा हुआ है, ग्राम पंचायत दबनई का यह आश्रित ग्राम है इस ग्राम में विशेष पिछडी जनजाति के कमार आदिवासी निवास करते है। जिनके विकास और उत्थान के लिए लाखों करोड़ो रूपये खर्च किया जा रहा है। ग्राम डडईपानी की जनंसख्या 110 के आसपास है और इस गांव में पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है, पत्थरीली पहाडी खाईनुमा बड़े- बड़े पत्थरों को पार कर जान हथेली में रखकर यह आना जाना करना पड़ता है, और घनघोर जंगल क्षेत्र होने के कारण हमेशा यह जंगल क्षेत्र हिंसक वन्यपाणियों के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र भी माना जाता है, हाथियों के दल का पंसदीदा जंगल कहा जाता है, इसलिए इस मार्ग में ग्रामीणों का अकेला आना जोखिम से कम नहीं है और इस गांव के लोगों को राशन चांवल, दाल मिटटी तेल, नमक खरीदने के लिए वहां से 14 किलोमीटर दूर ग्राम फरसरा आना पड़ता है। तब कहीं जाकर राशन मिल पाता है।





**नहीं है हैंडपंप, नदी-नालों व झरिया का पानी पीने मजबूर-** ग्राम डडईपानी के ग्रामीण मंगल कमार, सुखेदव कमार, अजनतीन बाई कमार, महालक्ष्मी जो धवलपुर साप्ताहिक बाजार पहुचे थे, उन्होने बताया कि गांव में एक भी हेडपम्प नहीं है जिसके कारण सुख नदी में झरिया खोदकर पानी जुटाना पड़ता है बिजली नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि क्रेडा विभाग द्वारा गांव में सौर प्लेट दिया गया है, जो खराब हो गई है पूरी रात अंधेरे में जिदंगी गुजारना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी तक नहीं है जिसके कारण छोटे बच्चों और खासकर गर्भवती महिलाओ को पोषण आहार रेडी टूॅ ईट जैसी सुविधाए नहीं मिल पा रही है।

**छिन्दौला में चल रहा आवास निर्माण का कार्य-** ग्राम पंचायत दबनई के सचिव संजय राजपूत ने बताया कि ड़ाडईपानी के 13 ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण छिन्दौला में किया जा रहा है। यहां के ग्रामीणों द्वारा मकान निर्माण के बाद छिन्दौला में रहने की बात कही गई है। इस गांव तक बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने कई बार प्रस्ताव भेजा गया है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

पर्व : देवी नृत्य देखने प्रदेश सहित ओडिशा से पहुंचे लोग

# 84 ग्रामों के देवी- देवताओं की पूजा करने उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल कांदाडोंगर में विजयादशमी के पावन अवसर पर माता कुलेश्वरी देवी एंव मां खम्बेश्वरी देवी का विशेष पूजा अर्चना किया गया। यहां 84 ग्रामों के देवी- देवताओं की डांग डोली ध्वज पताका पहुंचने के बाद विजयदशमी का पर्व परम्परा अनुसार मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में शामिल होकर पूजा अर्चना किये और क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि खुशहाली की कामना की। कांदाडोंगर पहाडी अपनी धार्मिक आस्था के लिए पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है, और दशहरा के दिन यहां लगभग 30 से 40 हजार लोगों की भींड उमड पड़ी जिसमें छत्तीसगढ सहित ओडिशा प्रदेश से भी लोग पहुंचे थे, कांदाडोंगर में सैकडो वर्ष पुरानी आदिवासी परम्परानुसार देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर देव दशहरा का पर्व मनाया गया। इस दौरान झांकर बैगा, पुजारी, सिरहा बडी संख्या में शामिल हुए तो वही देवी- देवताओं द्वारा सौर्य प्रदर्शन किया गया। साथ ही देवी- देवताओं के देवी नृत्य को देखने लोग उमड़ पडे। कांदाडोगर में देव दशहरा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, पूर्व ससंदीय सचिव गोवर्धन मांझी, सरपंच सेवन पुजारी, टीकम पुजारी,जयमल यादव,तिरेश प्रधान,सेवक दीवान,मुकेश यादव, बनसिंग यादव, गौकरण, मधु सुर्यवंशी, अमरलाल पटेल, भुनेश्वर महेन्द्र पुजारी, पुस्तम नायक उमेश श्रीवास एवं 84 ग्रामों के झांकर पुजारी सिरहा व पूरे छत्तीसगढ प्रदेश व ओडिशा प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए थे।

## जिपं अध्यक्ष ने रंगमंच निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने ग्राम पंचायत सरईपानी के आश्रित ग्राम केंदूपाटी में रंगमंच निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।








## खबर संक्षेप



### ध्रुव गोंड समाज ने मनाया नवाखाई पर्व

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुड़ागांव के आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के सभी बुजुर्ग व बच्चे अपने घर से एकत्रित होकर गोंडवाना बाजा - गाजा के साथ गली भ्रमण करते हुए गांव से कुछ ही दूरी पर साजा पेड़ जहां बढ़ादेव विराजमान रहता है उस पर मिट्टी के चौरा बनाकर बड़ादेव स्थापित कर नवाखाई का पूजा अर्चना व बड़ा देव प्रकृति शक्ति का पूजा किया गया। नवा अन्न फसल की भोजन का प्रसाद का भोग लगाया और सभी समाज के लिए मनोकामनाएं की और सभी लोग एक दूसरे आपस में सेवा जोहार कहते हुए बधाई दिए तत्पश्चात अपने घर वापस प्रस्थान किया घर पर मातृशक्तियों द्वारा पीला चावल का टिका लगाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अवधराम ध्रुव, सहदेव ध्रुव, झुमसिंग ध्रुव, यादराम, जीवराखन, अर्जुन, पुरानिक, मुलसिंग,गजेश्वर,रिखीराम, बिरझू, विजय, नागेश, खिलेश, मेष कुमार, संजय, पवन, खुमेश, ओमकार, हेमकुमार, गाशन, चेतनसिंग, भगोली, टंकेश्वर, डोमन, राकेश अनिल, अजय, रेखराम ध्रुव सभी उपस्थित थे।

### स्वयंसेवक संघ ने की शस्त्र पूजा



**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन किया। इस मौके पर भारत माता, भगवान श्री राम की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सन्देश दिया कि समस्त हिंदु समाज को भी शास्त्र, शस्त्र पूजन कर अपने शक्ति, मनोबल, उत्साह, बढ़ाने आग्रह किया। इस कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक टोकेश कुमार साहू विभाग बाल कार्य प्रमुख, जयप्रकाश साहू खंड कार्यवाह, सालिक राम साहू एकल विद्यालय भाग प्रमुख, केश कुमार सेन खंड व्यवस्था प्रमुख, ओमप्रकाश यादव खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख, डॉ. महेंद्र सेन, प्रेम यादव उपस्थिति थे।

### हरियाणा में जीत मोदी की बेहतर नीति का परिणामः तुलसी राठौर

**मैनपुर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहतर रणनीति का परिणाम बताया है। श्री राठौर ने विज्ञप्ति में कहा कि हरियाणा की जनता ने एक नया अध्याय हरियाणा में लिख दिया है। यह पहली बार हुआ है कि हरियाणा में किसी राजनीतिक दल ने लगातार तीन बार अपनी सरकार बनाई। यह जीत भाजपा के सुशासन और नरेंद्र मोदी का नेतृत्व के कारण हो पाया हैं। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जिस तरह जनता ने अपना निर्णय सुनाया है और भाजपा पर विश्वास जताया है। इससे साफ पता चल रहा है कि आने वाले समय में जब झारखंड का चुनाव होगा तो पूरे झारखंड की जनता भाजपा पर विश्वास जतायेगी।



## निधन

### धानबाई कमारिन

**छुईहा बेलर।** छुईहा निवासी धानबाई कमारिन पहाड़िया 63 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे सदस्य जनपद पंचायत फिगेंश्वर बोड़की जनपद क्षेत्र में सेवा दे रही थी।



**पर्व : हरिहर स्कूल के मैदान में दर्शकों की रही भारी भीड**

# नवापारा में 51 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





विजयादशमी का पर्व दशहरा नवापारा शहर में विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्वमंत्री धनेंद्र साहू और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज के आतिथ्य में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शास. हरिहर हायर सेकण्डरी स्कूल के विशाल मैदान में जबर्दस्त आतिशबाजी के बीच 51 फुट लंकापति रावण का दहन किया गया। इस दौरान पूरा स्कूल मैदान खचाखच भरा हुआ था। रावण दहन के पूर्व खैरा के बहुत ही सुप्रसिद्ध रामलीला का आयोजन हुआ। जिसका भरपूर आनंद उपस्थित भीड़ ने उठाया।

दशहरा उत्सव को सफल बनाने में नवापारा के कांग्रेस और भाजपा नेताओं का आपसी तालमेल और सामंजस्य इतना अच्छा रहा कि पर्व की खुशी कई गुणा बढ़ गई। बता दें कि पखवाड़े भर पहले से ही समिति के लोग कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर तैयारी में जुट गए थे। जिसमें प्रमुख रूप से आयोजन समिति के रतिराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, अनिल जगवानी, होरीलाल साहू,जीत सिंग, सौरभ शर्मा, उमेश यादव, लोकनाथ सोनकर, रमेश तिवारी, रामा यादव, मुकुंद मेश्राम, मंगराज सोनकर, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, राजा चांवला, राकेश सोनकर, सिंटु जैन, सौरभ सोनी लगे हुए थे। इस पूरे कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रही। जिसमें जवानों ने भीड़ और ट्रेफिक को नियंत्रण करने में शाम से लेकर देर रात तक लगे रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होने दशहरा उत्सव समिति की ओर से शहरवासियों, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन एवं अतिथियो के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिन्होने दशहरा उत्सव को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। खास बात यह रही कि मंच में अतिथि के रूप में विराजमान विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने विजयादशमी दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

## सांस्कृतिक एकता और अखंडता को जोड़ने का पर्व है दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





शनिवार को दशहरे के पावन पर्व पर विजयदशमी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्यान्य पर न्याय, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य, दानवता पर मानवता, अधर्म पर धर्म, पाप पर पुण्य और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी रसेला में विशालकाय 35 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अग्निबाण चलाकर बुराई के प्रतीक लंकापति दशानन रावण को धराशाई किया और आसमान आतिशी नजरों और श्री राम के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठा। नजारा देखकर ऐसा लगा मानो सत्य व धर्म की विजय पर देवता फूल बरसा रहे हो। हजारों लोगों की विशाल भीड ने इस पर्व का आनंद उठाया। रावण दहन के बाद लोग एक दूसरे को सोनपत्ती भेंटकर शुभकामनाएं दिये। फिर रंगमंच पर जागृति नवयुवक मंडल के कलाकारों ने दुर्गा झांकी और भुत बंगाल नाटक और पुराना कलाकार द्वारा गमत दिखाकर दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम को देखने आसपास के गांवों से लोग भारी संख्या में आए हुए थे। पात्र निभाने वाले कलाकार राम बिग्रेद्र ठाकुर, लक्ष्मण कार्तिक यादव, सीता किशन दास,हनुमान पुरोहित यादव, अंगद देवलाल निषाद तथा रावण दल में लंकापति रावण नंदकिशोर यादव, कुंभकर्ण केशव यादव, मेघनाद हबीब खान, अक्षय कुमार चम्पेश्वर निषाद, मंत्री देवलाल यादव, दुत संतराम नेताम और सहयोगी के रूप में पाठ करने वाले रामायण ठाकुर, लोकराम ध्रुव, अशवत सेन, कैलाश यादव व अप्सरा के भूमिका अदा किया धनीराम यादव होटल वाले, छबीलाल ठाकुर ने की। वहीं संगीत पक्ष के कलाकारों ने समां बांध दिया, आर्गन दशरथ नेटी, ढोलक छन्नू ठाकुर, कन्हैया नागेश, संजू ठाकुर सहित संगीत पक्ष को सजा दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राघवेन्द्र यादव, राजा कोमर्रा, युवराज यादव, एकांश यादव, कैलाश कोमर्रा, महेंद्र ठाकुर, चंदन नागेश, सहित समस्त जागृति नवयुवक मंडल का सहरानी योगदान रहा।

## मड़ेली में 25 फीट रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



ग्राम मड़ेली में दशहरा का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 25 फिट रावण के पुतला का दहन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मड़ेली में दशहरा पर्व पर आतिशबाजी के साथ रावण के पुतला दहन किया गया। सर्व प्रथम ग्राम के देवी देवताओं को बाजें गाजे के साथ सम्मान पूर्वक मंच स्थल तक लाया गया। भगवान राम लक्ष्मण वानर भालूओं को साथ लेकर रथ पर तैयार होकर रावणभाठा तक विशाल जनसमूह के साथ पहुंचकर राम रावण का भीषण युद्ध हुआ। राक्षसों तथा वानर भालूओं के संग घमासान युद्ध हुआ। इसके बाद राम ने रावण को युद्ध में मारकर गिराया गया। रावण का पुतला धूं-धूं कर जलने लगा। इसी बीच सोनपत्ती लूटकर एक दूसरे को पर्व की बधाई प्रदान किया गया। रात्रि में बच्चों के द्वारा धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। हास्य प्रहसन भी प्रस्तुत किया गया। दर्शक देर रात तक आनंद ले रहे थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीण अध्यक्ष जोहत राम सिन्हा, ग्राम पटेल कामताप्रसाद साहू,भूषण ठाकुर, भीखम ठाकुर, दिनबंधु ठाकुर, प्रेमनारायण ध्रुव, गजेन्द्र ठाकुर, गोवर्धन ठाकुर,केशव, नीलाम्बर ध्रुव, लोचन ठाकुर, विष्णु निषाद, पुरूषोत्तम ठाकुर, धनंजय कुमार, निर्मल मरकाम,रामचरण ठाकुर बैगा, नागेश, प्रवीण कुमार, भोलेनाथ ठाकुर, प्रीतम ध्रुव, जागेश्वर, मिथलेश विश्वकर्मा, डिगाम्बर मरकाम, युवराज ठाकुर, लोकेश ठाकुर, आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण ध्रुव ने किया।

## बेलर में विजयादशमी पर हुआ रावण के पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम बेलर में शनिवार को विजयादशमी के मौके पर रात 9 बजे ग्राम के सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में भगवान राम द्वारा रावण का वध कर प्रतिमा का प्रतीकात्मक दहन किया गया। जिससे बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश गूंज उठा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन एस आई चिंता राम देशमुख द्वारा कड़े इंतजाम किए थे। क्योंकि कार्यक्रम को शूरूआत में असमाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान पैदा कर रहे थे। कार्यक्रम चलते तक पुलिस अपने गाड़ी में बिठाये रखा था। इसके बाद से कार्यक्रम निर्विघ्न सम्पन्न हुए। विजयादशमी के दिन शनिवार को आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में 25 फीट ऊंचे रावण के स्थाई प्रतिमा का भव्य के साथ दहन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन सरपंच बेलर टायल साहू, पूर्व उपसरपंच खोमन साहू, जिला सचिव संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



### भेण्डरी में 20 फीट रावण के पुतले का दहन

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के दशहरा मैदान में बजरंग बाल नाट्य मंडली द्वारा रामलीला का मंचन कर रावण वध कार्यक्रम किया गया। पश्चात भगवान श्रीरामचंद्र जी की आरती की गई। इसी तरह पुराना गौठान के पास कलारपारा में 20 फीट रावण के पुतला का दहन आतिशबाजी के बीच किया गया।

## बकली में 110 वर्ष से हो रहा रामलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



बकली एक ऐसा गांव है जहां रावणभांठा मैदान में दशहरा पर्व पिछले 110 वर्ष से लगातार रामलीला का मंचन हो रहा है। दशहरा के अवसर पर बाल समाज के उत्साही युवाओं ने इस वर्ष भी तीन दिनों का रामलीला का आयोजन किया। अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सेन ने बताया कि बदलते परिवेश में अब लीला मंचन करना बहुत मुश्किल होते जा रहा है। लीला में भाग लेने पात्र नहीं मिलते हैं। बावजूद इस धार्मिक सांस्कृतिक उत्सव को बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। गांव की इसी परंपरा और संस्कृति को बचाए रखने हर वर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है। पहले पांच से नौ दिनों तक राम व कृष्ण लीला का मंचन होता था जिसमें श्रवण कुमार, सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र, राजा मोरध्वज, चरणदास चोर, मयारू भौजी, सती नाग, चंपा जैसे धार्मिक व सामाजिक नाटक के माध्यम से समाज को शिक्षा, संस्कार का संदेश देने प्रयास किया जाता था।

## शीतलापारा रावणभांठा में राम-रावण युद्ध का मंचन





**नवापारा-राजिम।** नगर के शीतलापारा रावणभांठा में परंपरागत श्रीराम-रावण युद्ध का मंचीय कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। यह आयोजन श्रीराधा-कृष्ण मंदिर के तत्वावधान में हुआ। रावण वध के बाद भगवान श्रीरामचंद्र की आरती करने जनसमुह उमड़ पड़ा। इस आयोजन को सफल बनाने में मंदिर ट्रस्टी गोपाल अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, नयन अग्रवाल , सुलभ अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, केयूरभूषण चक्रधारी, विजय चौहान, टीकम चक्रधारी, नरेश चक्रधारी , हंसराज चक्रधारी, रामायण मण्डली के रामाधार भोई, सीता सोनकर, प्रकाश बया, टीकम चक्रधारी , परमानंद बया, सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

**मां दुर्गा एवं जोत जंवारा विसर्जन के दौरान**

# बकली के युवाओं ने श्रद्धालुओं को बांटा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





मां दुर्गा एवं जोत जंवारा विसर्जन के दौरान तेज धूप और उमस भरी गर्मी को देखते हुए शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए बकली के युवाओं ने पहल कर सतनामी पारा में शहरो की भांति ठंडा पेय एवं पानी का इंतजाम गांव के युवा नेता मुकेश भारती की अगुवाई में किया। मालूम हो कि ग्राम के स्वेच्छा सेवकों के द्वारा सभी मोहल्ले से निकले माता विसर्जन हेतु पूरे ग्राम के भक्तजन श्रद्धालुओं को ठंडा पेय वितरित किया जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। मुकेश भारती ने बताया कि यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई। चूंकि अप्रेल-मई जैसा तेज धूप और विकराल गर्मी का वातावरण था। इसे देखते हुए हमें श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना से युवाओं ने यह सेवा दी। कहा कि अब हर वर्ष सेवा करने के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर स्वेच्छा सेवा समिति के लक्ष्मण भारती, डिगेश यादव, चंद्रप्रकाश सेन, सुरेश यादव, लोमस साहू, आशीष आदिल, तामराज, प्रदीप, यशवंत मार्कण्डेय, पोषण रात्रे, दिनेश्वर पुरेना, कमल साहू, छोटी साहू, भारत मीरी, तोरण मीरी, लोचन, शोभित, नारायण, तीजऊ, कुहुकदास, रिखी, तोरण, शिवनारायण, गिरवर, नरेश, सादराम, राजू, शौर्य सहित ग्रामवासी शामिल थे।

